समाचार

# 50 लाख रू. से बनेगा सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन
## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया कार्य हेतु भूमिपूजन)




कोरबा 24 जुलाई 2020 –मां सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित पं.विद्याचरण शुक्ल उद्यान के पास 50 लाख रूपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। आज राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होने महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद व सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया तथा कार्य का शुभारंभ कराया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन अंतर्गत अधोसंरचना मद में स्वीकृत 50 लाख रूपये की लागत से मां सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित पं.विद्याचरण शुक्ल उद्यान के पास सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कराया जाना हैं। आज प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, उन्होने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि तत्कालीन साडा में उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में इस उद्यान का नाम पं.विद्याचरण शुक्ल उद्यान रखा गया था, आमनागरिकों की मांग पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन अंतर्गत अधोसंरचना मद से यहां पर एक सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन के निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिसके निर्माण कार्य की शुरूआत आज कराई गई, इस सामुदायिक भवन के निर्मित हो जाने से यहां सार्वजनिक एवं सामुदायिक आयोजनों, शादी विवाह आदि के लिए एक सुविधायुक्त स्थान उपलब्ध हो सकेगा। उन्होने कहा कि इस निर्माण कार्य में बैंडमिंटन कोर्ट भी बनाया जाएगा, जहां पर लोगों को बैडमिंटन खेलने की सुविधा प्राप्त होगी, इसके साथ ही सामने स्थित मैदान में अन्य खेल गतिविधियां भी संचालित हो सकेगी। इस अवसर पर पार्षद एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, सुरती कुलदीप, पार्षद बसंत चन्द्रा, अजय प्रसाद, शाहिद कुजूर, कौशिल्या बिंझवार, ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुसमुण्डा के अध्यक्ष

सनीश कुमार, ममता अग्रवाल, पूर्व पार्षद मनकराम साहू व गीता महंत, निगम के अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, सहायक अभियंता पीयूष राजपूत आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।